Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

**अल्लाह तआला का आदेश**

رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلْنَا مَا لَا طَاقَةَ لَنَا بِهٖ ۚ وَاعْفُ عَنَّا ۟ وَاغْفِرْ لَنَا ۟ وَارْحَمْنَا ۟ اَنْتَ مَوْلٰىنَا فَانْصُرْنَا عَلَى الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ○

(सूरत अल-बक़रा आयत :287)

**अनुवाद:** और हे हमारे रब्ब, हम पर कोई इस प्रकार का न डाल जो हमारी ताकत से बढ़ कर हो और हमें क्षमा कर दे तू ही हमारा मौला है। अत: हमें काफिर क़ौम के मुकाबला में सहायता प्रदना कर।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 3

साप्ताहिक क़ादियान

# बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 50

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

5 रबीउस्सानी 1440 हिजरी कमरी 13 फत्ह 1397 हिजरी शमसी 13 दिसम्बर 2018 ई.

**अख़बार-ए-अहमदिया**

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

**सय्यदना हज़रत ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला ने फरमाया कि कश्ती नूह में हमारी शिक्षा का जो भाग है वह ज़रूर हर अहमदी को पढ़ना चाहिए बल्कि पूरी कश्ती नूह ही पढ़ें।**

**क़ुर्आन शरीफ़ में कहां लिखा है कि धर्म के लिए बल-प्रयोग उचित है, बल्कि ख़ुदा ने तो क़ुर्आन शरीफ़ में उल्लेख किया है لَآ اِكۡرَاهَ فِى الدِّيۡنِ- "ला इकराहा फ़िद्दीन" (अलबक़रह-257)धर्म में बल प्रयोग नहीं है।**

**जिन लोगों से आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समय युद्ध किए गए थे वे युद्ध धर्म को बलपूर्वक प्रसारित करने हेतु नहीं थे, बल्कि वे युद्ध या तो दण्ड स्वरूप थे अर्थात् लोगों को दण्ड देना लक्ष्य था, जिन्होंने अधिकांश मुसलमानों को क़त्ल कर दिया और कुछ को मातृभूमि से बाहर निकाल दिया था और अत्यन्त अत्याचार किया था।**

## *उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम*

आप लोगों की आस्थानुसार जिस कार्य हेतु मसीह इब्ने मरयम आकाश से आएगा अर्थात् महदी से मिलकर लोगों को बलपूर्वक मुसलमान करने के लिए युद्ध करेगा। यह एक ऐसी आस्था है जो इस्लाम को बदनाम करती है। क़ुर्आन शरीफ़ में कहां लिखा है कि धर्म के लिए बल-प्रयोग उचित है, बल्कि ख़ुदा ने तो क़ुर्आन शरीफ़ में उल्लेख किया है-

لَآ اِكۡرَاهَ فِى الدِّيۡنِ

"ला इकराहा फ़िद्दीन" (अलबक़रह-257)

धर्म में बल प्रयोग नहीं है। फिर मसीह इब्ने मरयम को बल प्रयोग का अधिकार क्योंकर दिया जाएगा। यहां तक कि वह उनसे इस्लाम को स्वीकार करने या उन्हें क़त्ल कर देने के अतिरिक्त उन से उनकी जान की रक्षा करने के बदले में कोई टैक्स तक स्वीकार नहीं करेगा। क़ुर्आन शरीफ़ की यह शिक्षा किस स्थान किस अध्याय और किस सूरह [1] में है। सम्पूर्ण क़ुर्आन बारम्बार कह रहा है कि धर्म में बल प्रयोग नहीं, और स्पष्ट कर रहा है कि जिन लोगों से आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समय युद्ध किए गए थे वे युद्ध धर्म को बलपूर्वक प्रसारित करने हेतु नहीं थे, बल्कि वे युद्ध या तो दण्ड स्वरूप थे अर्थात् लोगों को दण्ड देना लक्ष्य था, जिन्होंने अधिकांश मुसलमानों को क़त्ल कर दिया और कुछ को मातृभूमि से बाहर निकाल दिया था और अत्यन्त अत्याचार किया था। जैसा कि ख़ुदा का कथन है-

اُذِنَ لِلَّذِيۡنَ يُقٰتَلُوۡنَ بِاَنَّهُمۡ ظُلِمُوۡا ؕ وَاِنَّ اللّٰهَ عَلٰى نَصۡرِهِمۡ لَقَدِيۡرُ

"उज़िना लिल्लज़ीना युक़ातलूना बिअन्नहुम ज़ुलिमू व इन्नल्लाहा अला नसरिहिम लक़दीर" (अलहज्ज-40)

अर्थात् "मुसलमानों को जिन से ख़ुदा को न मानने वाले शत्रु युद्धरत हैं, अत्याचार सहन करने के कारण उन्हें मुकाबला करने की आज्ञा प्रदान की गई और ख़ुदा उनकी सहायता करने की शक्ति रखता है"। या वे युद्ध थे जो अपनी सुरक्षा हेतु किए थे। अर्थात् जो लोग इस्लाम को मिटाने के लिए आगे बढ़ते थे या अपने देश में इस्लाम के प्रचार को बलपूर्वक रोकते थे, उनसे अपने निजी सुरक्षा के अधिकार का प्रयोग करते हुए या देश में स्वतंत्रता हेतु युद्ध किए जाते थे। इन तीन परिस्थितियों के अतिरिक्त युद्ध नहीं किया, बल्कि इस्लाम ने अन्य क़ौमों के अत्याचार को इतना सहन किया है कि जिसका किसी अन्य क़ौम में उदाहरण नहीं मिलता। फिर यह ईसा मसीह और महदी साहिब कैसे होंगे जो आते ही लोगों को क़त्ल करना आरम्भ कर देंगे। यहां तक कि किसी अहलेकिताब से भी टैक्स स्वीकार नहीं करेंगे और आयत-

حَتّٰى يُعۡطُوا الۡجِزۡيَةَ عَنۡ يَّدٍ وَّهُمۡ صٰغِرُوۡنَ

"हत्ता योतुल जिज़्यता अंय्यदिन व हुम साग़िरून" (अत्तौब:-29)

को भी रद्द कर देंगे। ये इस्लाम के कैसे समर्थक व सहायक होंगे कि आते ही क़ुर्आन की उन आयतों को भी रद्द कर देंगे जो आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के समय में भी रद्द नहीं हुईं। इतने बड़े इन्क़िलाब से भी ख़त्मे नुबुव्वत में कोई अन्तर नहीं आएगा। इस युग में जबकि आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के काल पर तेरह शताब्दियाँ गुज़र गईं और इस्लाम स्वयं आन्तरिक तौर पर तिहत्तर समूहों में विभाजित हो गया, सच्चे मसीह का कर्तव्य यह होना चाहिए कि वह प्रमाणों के साथ हृदयों पर विजय प्राप्त करे न कि तलवार के साथ और सलीबी आस्था को वास्तविक और सत्य प्रमाणों द्वारा तोड़ दे न कि यह कि वह उन सलीबों को तोड़ता फिरे जो चांदी, सोने, पीतल या लकड़ी से बनाई जाती हैं। यदि तुम बल का प्रयोग करोगे तो तुम्हारा बल-प्रयोग करना इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि तुम्हारे पास अपनी सच्चाई पर कोई तर्क नहीं। [2]

**हाशिया 1:-** यदि कहो कि अरबों के लिए भी आदेश था कि बल प्रयोग करके मुसलमान बनाए जाएँ। यह विचार क़ुर्आन शरीफ़ से कदापि सिद्ध नहीं होता बल्कि यह सिद्ध होता है कि चूंकि समस्त अरब ने आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को कठोर यातनाएं दी थीं और आपके अनुयायिओं और ईमान लाने वाली स्त्रियों को क़त्ल कर दिया था। और जो शेष रह गए उनको पलायन करने पर विवश कर दिया था। इसलिए वे समस्त लोग जो क़त्ल के अपराधी या उस जुर्म सहयोगी थे, वे सब परमेश्वर की दृष्टि में अपने रक्तपात के उप-लक्ष्य में रक्तपात के योग्य हो चुके थे। उनके विषय में बदले के तौर पर उनके क़त्ल का आदेश था। परन्तु सर्वाधिक दयालु, कृपालु आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ओर से यह सुविधा प्रदान की गई कि यदि उनमें से कोई मुसलमान हो जाए, तो उसका पूर्व अपराध जिसके उपलक्ष्य वह मौत के दण्ड

**शेष पृष्ठ 8 पर**

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

# तहरीक जदीद में, क़ादियान पूरे भारत की जमाअतों में अव्वल

## मुबारक कादियान वालों को मुबारक!

हुज़ूर पुर नूर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का हर ख़ुत्बा पूरी दुनिया में बहुत ध्यान से सुना जाता है लेकिन तहरीक जदीद और वक्फ जदीद के ख़ुत्बों को सुनने का जोश और अन्य ख़ुत्बों से कुछ ही आनंद देता है। इस के कई कारण हैं जैसे: * हुज़ूर पुर नूर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ इस ख़ुत्बा में दुनिया भर की विभिन्न जमाअतों की वित्तीय कुरबानी के बेहद ईमान वर्धक घटनाओं को सुनाते हैं। * पूरी दुनिया से पूरे वर्ष की अहमदियों की वित्तीय कुरबानी की घोषणा करते हैं। * पहले दस स्थानों पर आने वाले देशों के नाम वर्णन करते हैं। * सब से अधिक कुरबानी करने वाले ज़िलों तथा क्षेत्रों के नामों का वर्णन करते हैं। * पहले दस स्थानों पर आने वाली जमाअतों के नाम भी बताते हैं। * प्रति व्यक्ति अदायगी के अनुसार दस देशों के नाम वर्णन करते हैं। * पूरी दुनिया में तहरीक जदीद में शामिल होने वाले अहमदियों की संख्या बताते हैं। * पिछले साल की तुलना में वित्तीय कुरबानी में वृद्धि और शामिल होने वालों की संख्या में वृद्धि के बारे में भी बताते हैं। ये वे चीजें हैं जो तहरीक जदीद तथा वक्फे जदीद के ख़ुत्बों को बहुत ही ईमान वर्धक बनाते हैं।

इस साल हुज़ूर पुर नूर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने कैमरून, गैम्बिया, बेनिन, भारत, तंज़ानिया, रशिया, माली, बोर्कीना फासो, जर्मनी, आइवरी कोस्ट, इंडोनेशिया, यू.के, बुरुंडी, कनाडा, कोंगो ब्राज़ावेल और पाकिस्तान से वित्तीय कुरबानी के बेहद रोमांचक और ईमान वर्धक घटनाओं को सुनाया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दिनांक 9 नवंबर 2018 ई को तहरीक जदीद के 85 वें वर्ष की शुरुआत की मुबारक घोषणा फरमाई और 84 वें साल यानी वर्ष 2017 ई के समग्र वित्तीय कुरबानी की घोषणा करते हुए फरमाया कि "अल्लाह तआला ने श्रद्धालुओं को एक करोड़ सत्ताईस लाख तिरानवे हज़ार पाऊंड कुरबानी करने की तौफीक़ प्रदान की। अल्हम्दो लिल्लाह।"

इस साल, सबसे अधिक वित्तीय कुरबानी करने वाले देशों के नाम इस प्रकार हैं। (1) पाकिस्तान। (2) जर्मनी। (3) ब्रिटेन। (4) अमेरिका। (5) कनाडा। (6) भारत। (7) ऑस्ट्रेलिया। (8) मध्य पूर्व का एक देश। (9) इंडोनेशिया। (10) घाना (11) मध्य पूर्व का एक और देश।

दस प्रांतों के नाम, जो भारत में सबसे ज्यादा वित्तीय कुरबानी करने वाले हैं, इस तरह हैं। (1) केरल (2) कर्नाटक (3) तमिलनाडु (4) तेलंगाना (5) जम्मू-कश्मीर (6) ओडिशा (7) पंजाब (8) बंगाल (9) दिल्ली (10) महाराष्ट्र।

वित्तीय कुरबानी के आधार पर भारत की दस बड़ी जमाअतों के नाम इस प्रकार हैं। (1) कादियान (पंजाब) (2) हैदराबाद (तेलंगाना) (3) पत्त परियम (केरल) (4) चेन्नई (तमिलनाडु) (5) कालीकट (केरल) (6) बंगलौर (कर्नाटक) (7) कोलकाता (बंगाल) (8) पेंगाडी (केरल) (9) केनानूर टाऊन (केरल) (10) यादगीर (कर्नाटक)

प्रति व्यक्ति अदायगी के मामला में दस देशों के नाम इस प्रकार हैं: (1) स्विट्जरलैंड। (2) संयुक्त राज्य अमेरिका (3) यू.के (4) ऑस्ट्रेलिया। (5) सिंगापुर। (6) स्वीडन। (7) बेल्जियम। (8) जर्मनी (9) कनाडा। (10) फिनलैंड।

इस जगह हम यह उल्लेख करना चाहेंगे कि वर्ष 2018 ई में सारे भारत में जमाअतों में सबसे अधिक कुरबानी के आधार कादियान नंबर एक पर रही इसकी हमें बहुत ख़ुशी है। अखबार बदर 11 फरवरी 2016 में तहरीक जदीद के संदर्भ में हमने लिखा था कि " कादियान को चाहिए कि वह मसीह मौऊद की बस्ती होने के नाते सबसे आगे निकलने की कोशिश करे।" उस साल यानी वर्ष 2016 ई में कादियान का नंबर पांचवां था अगले साल यानी वर्ष 2017 ई में अल्लाह तआला की कृपा से कादियान को नंबर 3 पर आने की तौफ़ीक़ मिली जो बेशक प्रशंसा योग्य बात है तथा बहुत ख़ुशी की बात है। वर्ष 2017 ई में जबकि कादियान सारे भारत की जमाअतों में तीसरा स्थान हासिल किया था हम ने यह लिखा था कि "हम फिर यही कहेंगे कि कादियान को मसीह मौऊद की बस्ती होने के नाते नंबर 1 पर आने की कोशिश करनी चाहिए। " और अल्लाह तआला का करना इस प्रकार हुआ कि केवल अपने फज़्ल से कादियान को वर्ष 2018 ई में नंबर एक पर आने की तौफ़ीक़ दी। अल्हम्दो लिल्लाह। हुज़ूर अनवर ने अप्रत्याशित रूप से पहले स्थान पर जैसे ही कादियान का नाम लिया हमारी ख़ुशी का कोई ठिकाना न रहा। कादियान ने दो वर्षों के अंदर पांचवें स्थान से उठाकर ख़ुद को नम्बर अव्वल पर खड़ा किया इस के लिए सभी कादियान के लोग बधाई के हकदार हैं और विशेष रूप से वे दोस्त जिन्होंने तहरीक जदीद की वित्तीय कुरबानी में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और वह मुहस्सलीन भी जिन्होंने बहुत कड़ी मेहनत की। कादियान के लोग इस उपलब्धि पर बहुत ख़ुश हैं और इस ख़ुशी के आवाज़ सुनने को मिल रही है। कादियान वालों पर अब यह दायित्व है कि वह इस स्थिति को बनाए रखें।

हम हैदराबाद का वर्णन भी बहुत प्रसन्नता तथा ख़ुशी से करते हैं कि वह पिछले साल चौथे स्थान पर थे, अब उन्हें दूसरी स्थिति मिली है। हैदराबाद वाले भी बधाई के पात्र हैं। कुछ अन्य जमाअतों के स्थान का ज़िक्र करना चाहते हैं। चेन्नई 2013 ई और 2014 ई में नंबर 9 पर नज़र आती है। फिर 3 साल तक पहली दस स्थिति में उसका कोई नाम नहीं है और वर्ष 2018 ई में अचानक उसका नाम चौथे स्थान में आना बेशक चौंकाने वाली बात है, इस लिहाज से चेन्नई वाले सराहनीय हैं। यादगीर साल 2013 ई में हमें 8 वें नंबर पर नज़र आता है और फिर अगले चार साल तक पहली दस स्थिति में उसका कोई नामोनिशान नहीं मिलता और वर्ष 2018 ई में वह दूर क्षितिज पर उगते चांद की तरह प्रकट हुआ है, उम्मीद है आगे चांद और स्पष्ट होगा।

जमाअतों के बाद अब हम कुछ प्रांतों का ज़िक्र करते हैं। केरल ने बेहद अनिश्चित परिस्थितियों में अपनी पहली स्थिति बनाए रखी है। बाढ़ के कारण अहमदियों में से कई को क़ाफी नुकसान उठाना पड़ा। अल्लाह तआला उन के नुकसान को पूरा करे और उन के मालों में पहले से कहीं ज्यादा बरकत प्रदान फरमाए। आमीन।

तमिलनाडो जो पिछले साल 5 वें स्थान पर था अब उसने तीसरा स्थान हासिल किया है इस लिए तमिलनाडो वाले बधाई के हकदार हैं वैसे देखा जाए तो वर्ष 2014 ई और 2015 ई में तमिलनाडो की दूसरी स्थिति थी, वर्ष 2016 ई में यह चौथी और 2017 ई में पांचवीं स्थिति में पहुंचा। और जम्मू-कश्मीर, जो तीसरे स्थान पर था, अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इन दोनों प्रांतों का स्थिति के मामले में आपस में तबादला हुआ है। कर्नाटक जो पहले चौथे और तीसरे स्थान पर होता था अब तीन साल से लगातार अपनी दूसरी दूसरी स्थिति बनाए रखी है।

अन्त में हम जमाअत अहमदिया भारत के सदस्यों की सेवा में निवेदन करते है कि नए वादे पिछले वादों से कम से कम दस प्रतिशत की वृद्धि के साथ लिखवाएं, जो जितना अधिक वृद्धि के साथ लिखवाऐगा, वे निश्चित रूप से अधिक इनाम के योग्य होगा। अल्लाह तआला ईमानदारी से की गई कुरबानी को कभी नष्ट नहीं करता है वह इसके बदले में इस दुनिया में भी अदा करता है, और इसके बाद का इनाम उससे भी अधिक है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने प्रति व्यक्ति अदायगी की दृष्टि से दस देशों के नाम बताए इस में भारत का कोई उल्लेख नहीं है। इस का अर्थ है कि अभी वृद्धि की बहुत अधिक संभावना है। भारत का नाम प्रति व्यक्ति अदायगी के मामले में सबसे अधिक कुरबानी वाले दस देशों में आना चाहिए। यह तभी होगा जब हम अपने चन्दों में वृद्धि करेंगे।

हमें इस बात की भी चिंता होनी चाहिए कि दुनिया भर के देशों में भारत जो कई सालों से एक स्थान पर खड़ा है, अपने चन्दों में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ इसे ऊपर ले जाने की कोशिश करें। हम इस तरह कर सकते हैं केवल ध्यान और इरादा की ज़रूरत है। अल्लाह तआला हमें इस देश को जिस में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सालम पैदा हुए कुरबानी और तरक्की के हर क्षेत्र में सब से आगे खड़ा होने की तौफीक़ प्रदान करे आमीन।

☆ ☆ ☆

☆ ☆

# ख़ुत्बः जुमअः

## आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के छह और सहाबा हज़रत उमेर बिन अबी वक़ास, हज़रत कत्बह बिन आमिर अंसारी, हज़रत शुजा बिन वहब, हज़रत श्मास बिन उसमान, हज़रत अबु अबस बिन जबर और हज़रत अबु अक़ील बिन अब्दुल्लाह अंसारी रिज़वानुल्लाह अलैहिम की लघु जीवनी और सीरत की चर्चा।

## मुहतरम मौलाना अब्दुल अज़ीज़ सादिक़ साहिब मुरब्बी सिलसिला बांग्लादेश की वफात।
## आदरणीय मुहम्मद ज़फ़रुल्लाह साहिब पुत्र आदरणीय बिशारत अहमद साहिब की सय्यदवाला ज़िला ननकाना में शहादत।
## मरहूमीन का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

**ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 31 अगस्त 2018 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.**

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔
اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ
اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔
غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत उमेर बिन अबी वक़ास एक बदरी सहाबी थे जिनका पितृत्व अबू वक़ास मालिक बिन उहेब था। उनकी शहादत जंग बदर 2 हिजरी में हुई। हज़रत उमेर रज़ियल्लाहो अन्हो हज़रत साद बिन अबी वक़ास के छोटे भाई थे और प्रारंभिक मुसलमानों से थे। आप की माँ का नाम हुमना पुत्री सुफियान था। आपके संबंध क़ुरैश के कबीला बनू ज़हरह से था और जैसा कि उल्लेख हुआ बदर की लड़ाई में उन्होंने भाग लिया और वहीं उनकी शहादत हुई। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उमेर और अम्र बिन मुआज़ के बीच भाईचारा स्थापित फरमाया थी।

(अल्इस्तेयाब जिल्द 3, पृष्ठ 294 उमेर बिन अबी वक़ास मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002 ई), (अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 79 उमेर बिन अबी वक़ास मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) कुछ का मानना है कि हज़रत उमेर बिन अबी वक़ास और हज़रत ख़बेब बिन अदि के बीच भाईचारा स्थापित फरमाया था। (एयनुल असर जिल्द पृष्ठ मुख्य 232 अध्याय ज़िक्रुल मुआख़ाजात मुद्रित दारुल कलम बैरूत 1993)

उनकी शहादत की घटना और जंगे बदर में शामिल होने का ज़िक्र करते हुए सीरत ख़ात्मन्नबिय्यीन में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने इस तरह लिखा है कि मदीना से थोड़ी दूर निकल कर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने डेरा डालने का आदेश दिया और फौज की समीक्षा की। कम उम्र बच्चे जो आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शौक में साथ चले आए थे उन्हें वापस भेजा गया। साद बिन अबी वक़ास के छोटे भाई उमेर भी छोटी उम्र के थे। बच्चे थे। उन्होंने जब बच्चों की वापसी का आदेश सुना तो छावनी में इधर-उधर छुप गए लेकिन अंत उनकी बारी आई और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनको वापसी का आदेश दिया। यह आदेश सुनकर उमेर रोने लग गए और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फिर उनके असामान्य शौक को देख कर उन्हें बदर में शामिल होने की अनुमति दी।

(उद्धरित सीरत ख़ात्मन्नबिय्यीन हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम ए पृष्ठ 353)

तारीख़ की एक और किताब में उनका ज़िक्र इस तरह मिलता है कि अम्र बिन साद अपने पिता से रिवायत करते हैं कि इस से पहले कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बदर की ओर रवाना होने के लिए हमारा निरीक्षण फरमाते मैंने अपने भाई उमेर बिन अबी वक़ास को देखा कि वह छुपते फिर रहे थे। इस पर मैंने उनसे पूछा हे भाई तुम्हें क्या हुआ है? उन्होंने कहा कि मैं डरता हूँ कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुझे देख लेंगे तो बच्चा समझ कर वापस भेज देंगे। मैं युद्ध के लिए जाना चाहता हूँ कि शायद अल्लाह तआला मुझे शहादत प्रदान करे। अत: जब यहआं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समक्ष पेश हुए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें छोटा समझकर वापस जाने का इरशाद फ़रमाया तो उमेर रोने लग गए। उस पर आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें शामिल होने की अनुमति दे दी।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 79 उमेर बिन अबी वक़ास मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) उनकी तलवार बड़ी थी। एक रिवायत में आता है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने दस्ते मुबारक से उनकी तलवार की म्यान बांधी। (अल्असाब: फी तमीज़िस्सहाबा जिल्द 4 पृष्ठ 603 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005 (हज़रत उमेर बिन अबी वक़ास जंग बदर में जब शहीद हुए उस समय आप सोलह वर्ष के थे। (अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 79 उमेर बिन अबी वक़ास मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) सोलह साल की उम्र भी ऐसी थी जिस में कद काठी बेशक छोटी होगी और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आमतौर बच्चों को युद्ध की अनुमति नहीं दी।

दूसरे सहाबी जिनका ज़िक्र होगा वे हज़रत कत्बह बिन आमिर हैं। यह अंसारी थे। आमिर बिन हदीद के बेटे थे। उनकी वफात हज़रत उसमान के दौरे ख़िलाफ़त में हुई। उनकी मां का नाम ज़ैनब पुत्री उमरो है। उन की पत्नी का नाम हज़रत उम्मे उमरो है जिनसे एक बेटी हज़रत उम्मे जमील हैं। बैअत उक़बा प्रथम और सानिया दोनों में ही शामिल हुए और आप उन छह अंसार सहाबा में से हैं जो मक्का में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ईमान लाए। उनसे पहले अंसार में कोई मुसलमान नहीं हुआ था।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 294 कत्बह बिन आमिर मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

उनके इस्लाम स्वीकार करने की घटना के बारे में "सीरत ख़ात्मन्नबिय्यीन" में इस तरह लिखा है कि ग्यारह नबवी के महीने रजब में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मक्का में यसरब वालों यानी मदीना वालों से मुलाकात हुई। आप अलैहि वसल्लम ने नस्ल और वंश के बारे में पूछा तो पता चला कि कबीला ख़ज़रज के लोग हैं और यसरब से आए हैं। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बहुत प्यार के लहजे में कहा क्या आप लोग मेरी कुछ बातें सुन सकते है। उन्होंने कहा हाँ। आप क्या कहते हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बैठ गए और उन्हें इस्लाम में आमंत्रित किया और कुरआन की कुछ आयतों को सुना कर अपने मिशन से परिचित कराया। उन्होंने एक दूसरे को देखा और कहा, यह एक मौका है कि यहूदी हम से आगे निकल जाए और यह कह कर सभी मुसलमान हो गए। ये छह लोग थे जिनके नाम हैं। अबू उमामा असद बिन ज़ुरार, जो बनू नज्जार से थे और पुष्टि करने वाले पहले व्यक्ति थे। औफ बिन हारिस भी बनू नज्जार से थे जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दादा अब्दुल मुत्तलिब के ननिहाल का क़बीला था। राफेअ बिन मलिक जो बनू ज़रीक से थे। जो कुरआन शरीफ नाज़िल हो चुका था वह इस अवसर पर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें सुनाया। कत्बह बिन आमिर जो बनू सलमा से थे और अक़बा बिन आमिर जो बनी हराम से थे और जाबिर बिन अब्दुल्लाह बिन रयाब जो बनी उबैद से थे। इस के बाद ये लोग आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से विदा हुए और जाते हुए अर्ज़ किया कि हमें आपस की जंगों ने बहुत कमज़ोर कर रखा है और हम में आपस में बहुत मतभेद हैं। हम यसरब में जा कर अपने भाइयों में इस्लाम का प्रचार करेंगे। क्या आश्चर्य है कि अल्लाह तआला आप के माध्यम से फिर से सब को जमा कर दे? फिर हम हर तरह से आपकी मदद करने के लिए तैयार होंगे। अत: ये लोग गए और उनकी वजह से यसरब में इस्लाम का चर्चा होने लगा।

(सीरत ख़ात्मन्नबिय्यीन हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम.ए मुख्य 221-222)

कहते हैं इस्लाम ने आकर फूट डाल दी। इस्लाम के कारण आपस की फूट और शरारत जो थे उसकी समाप्ति को उन लोगों ने व्यक्त किया और फिर यह हो भी गया और वही लोग जो आपस में दुश्मन थे भाई भाई बन गए। पिछले एक ख़ुत्बा में भी मैंने उल्लेख किया था कि उन लोगों का आपस में भाई-भाई होना दुश्मन की आंखों में बड़ा खटकटता था जिसकी वजह से उन्होंने फूट डालने की कोशिश की लेकिन फिर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समझाने से और आप की कुव्वते कुदसिया से, एक भाईचारा का परिवेश फिर से पैदा हुआ।

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा में हज़रत कत्बह की गिनती माहिर तीर चलाने वालों में होती है। आप जंग बदर, उहद, खंदक और अन्य सभी जंगों में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल हुए। जंग उहद में आप बहादुरी से लड़े। उस दिन आप को नौ (9) घाव आए। फतेह मक्का के अवसर पर, बनू सल्मा का झण्डा आपके हाथ में था। जंग बदर में हज़रत कत्ब की भक्ति का यह अवस्था थी कि आप ने दो पंक्तियों के बीच एक पत्थर रखा और कहा कि मैं तब तक नहीं भागूंगा जब तक यह पत्थर न भागे यानी शर्त लगा दी कि मेरी जान जाए तो जाए मैदान छोड़ कर मैंने नहीं भागना।

उन के भाई यज़ीद इब्न आमिर थे जो सत्तर अंसार के साथ उक्बा में शामिल हुए थे। हज़रत यज़ीद बदर और उहद में भी शरीक हुए और उनकी औलाद मदीना और बग़दाद में भी थी। (अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 294 कत्बह बिन आमिर और अख़ूह यज़ीद बिन आमिर मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) अबू हातिम से मरवी है कि हज़रत कत्बह बिन आमिर ने हज़रत उमर की ख़िलाफत में वफात पाई थी। जब कि इब्ने हब्बान के निकट, हज़रत उसमान की ख़िलाफत के समय में आप की वफात हुई।

(अल्असाब: फी तमीज़िस्सहाबा जिल्द 5 पृष्ठ 338 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005 ई)

तीसरे सहाबी जिन का ज़िक्र होगा वह हज़रत शुजा बिन वहब जो वहब बिन राबिया के पुत्र थे। उन की वफात जंग यमामा में हुई थी। आप को शुजा बिन अबी वहब भी कहा जाता है। आप का परिवार बनू अब्दुल हाशिम का सहयोगी था। आप लम्बे शरीर वाले और बहुत घने बालों वाले थे। हज़रत शुजा की गिनती उन बुज़ुर्ग सहाबा में होती है जिन्होंने शुरुआत में ही आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को लब्बैक कहा था। बेअसत नबवी आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के छह साल बाद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इशारे पर हब्शा के मुहाजरीन के दूसरे काफिले में शरीक होकर हब्शा चले गए थे। कुछ समय बाद यह अफवाह सुनकर कि मक्का वाले मुसलमान हो गए हैं हज़रत शुजा हब्शा से वापस मक्का आ गए। कुछ अवधि बाद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा को मदीना हिजरत करने की आज्ञा दी तो आप भी अपने भाई उक़बा बिन वहब के साथ मक्का को अलविदा कह कर मदीना चले गए। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत औस बिन ख़ौला को हज़रत शुजाअ का धार्मिक भाई बनाया था। भाईचारा जो स्थापित किया था इस में हज़रत शुजा का भाई बनाया था। हज़रत शुजा बदर, उहद, खंदक सहित सभी जंगों में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल रहे और चालीस वर्ष से कुछ अधिक जंग यमामा में शहीद हुए।

(असदुल ग़ाबह जिल्द 2 पृष्ठ 370 शुजा बिन वहब मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत), (अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 51 शुजा बिन वहब मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

जंग हुदैबिया से वापस आने के बाद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अक्सर राजाओं को इस्लाम की दावत के ख़त रवाना फरमाए थे। हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ियल्लाहो अन्हो से मरवी है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक दिन मंच पर ख़ुत्बा देने के लिए खड़े हुए। स्तुति के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया में तुम में से कुछ को अजम के राजाओं की तरफ भेजना चाहता हूँ। जो अरब से बाहर के राजा हैं उन की तरफ भेजना चाहता हूं। तुम मुझ से असहमत न होना जैसा कि बनी इस्राईल ने किया था। तो मुहाजरीन ने अर्ज़ किया हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम आपसे कभी कुछ भी मतभेद नहीं करेंगे। आप हमें भिजवाइए।

(सीरत इब्ने कसीर पृष्ठ 421 अध्याय बअस इला कस्रा मुल्कुल फारस मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005)

अत: जिन सहाबा को इस धार्मिक काम को करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इन में हज़रत शुजा बिन वहब भी शामिल थे। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत शुजा को हारिस बिन अबी शमर ग़स्सानी की तरफ जो दमिश्क के निकट ग़ोता स्थान का रईस था राजदूत बनाकर भेजा और कुछ के निकट उसका नाम मुन्ज़िर बिन हारिस बिन अबी शमर ग़स्सानी था। बहरहाल आप ने तब्लीग़ का जो पत्र भेजा उसके प्रारंभिक वाक्यांश यह थे कि

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مِنْ مُحَمَّدٍ رَّسُوْلِ اللّٰهِ (صلی اللہ علیہ وسلم) اِلَى الْحَارِثِ ابْنِ اَبِيْ شِمْرٍ۔ سَلَامٌ عَلٰى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدٰى وَاٰمَنَ بِاللّٰهِ وَصَدَّقَ فَاِنِّيْ اَدْعُوْكَ اِلٰى اَنْ تُؤْمِنَ بِاللّٰهِ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ يَبْقٰى لَكَ مُلْكُكَ

(शरह ज़रकानी जिल्द 5 पृष्ठ 46 व इमा मकातबतह अलस्सलातो वस्सलाम इलल मलूक व ग़रहुम मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1996 ई), (असाबह फी तमीज़स्सिहाब: जिल्द 3, पृष्ठ 256 शुजा बिन वहब मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत)

मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ से हारिस बिन अबी शमर की तरफ, सलामती है उस पर जो निर्देश का पालन करे। अल्लाह तआला पर ईमान लाए और पुष्टि करे। वास्तव में, मैं तुम को उस ख़ुदा पर ईमान लाने की दावत देता हूं जो एक है और उस का कोई साझीदार नहीं। इस अवस्था में तुम्हारी हुकूमत बाकी रहेगी।

हज़रत शुजा कहते हैं कि मैं पत्र लेकर रवाना हुआ यहाँ तक कि हारिस बिन अबी शमर के महल के दरवाज़ा पर पहुंचा वहाँ दो तीन दिन बीत गए लेकिन दरबार में पहुँच नहीं हो सकी। अंत मैं वहाँ जो सुरक्षा का प्रभारी था उसे बताया कि मैं आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दूत के रूप में उसके पास आया हूँ। तो उसने कहा कि यह जो रईस है वह अमुक दिन बाहर आएंगे इससे पहले आप उन से किसी तरह नहीं मिल सकते। शुजा कहते हैं कि फिर वही व्यक्ति मुझ से आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के निमंत्रण के बारे में पूछा मैंने उन विवरणों को बताना जारी रखा जिनका उस के दिल पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा और उस ने रोना शुरू कर दिया। यानी वे जो सुरक्षा प्रभारी था इस क्षेत्र के राजा या राज्यपाल या रईस कह लें। तब उसने कहा कि मैंने इंजील में पढ़ा था कि इस नबी का यही सटीक विवरण इस में मौजूद है। मगर मैं समझता था कि वह शाम के देश में प्रकट होंगे लेकिन अब पता चला कि वह कर्ज़ की धरती यानी यमन के क्षेत्र में प्रकट हो चुके हैं। बहरहाल मैं उन पर विश्वास लाता हूं। वह जो सिक्योरिटी इन्चार्ज था उस ने कहा मैं ईमान लाता हूं और उन की तस्दीक करता हूं। मुझे हारिस बिन इब्ने शमर से डर लगता है कि वह मुझे कत्ल कर देगा साथ इस बात को भी प्रकट किया कि वह मुझे कत्ल कर देगा। कहते हैं कि यह पहरेदार मेरा बहुत सम्मान करने लगा और बेहतर से बेहतर तरीके से मेरी मेज़बानी करता। वह मुझे हारिस के बारे में भी बताता है और उस के बारे में निराशा व्यक्त करता है। कहता कि हारिस बिन अबी शमर मूल रूप से कैसर से डरता है क्योंकि यह उसी की सरकार में था। अंत में, एक दिन हारिस बाहर निकल गया और दरबार में आकर बैठ गया। उसके सिर पर एक मुकुट था। तब मुझे हाज़िर होने की आज्ञा मिली। मैं उसके सामने पहुंचा और उस को आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का पत्र सौंप दिया। उसने उस पत्र को पढ़ा और उसे फेंक दिया और ग़ुस्सा होना शुरू कर दिया। मेरे राज्य को कौन छीन सकता है? मैं ख़ुद उस की तरफ बढ़ता हूं चाहे वह यमन में में है या नहीं। मैं उसे दंडित करने के लिए वहां पहुंच जाऊंगा। लोग फौजी तैय्यारी करें उस ने अपने प्रशासन को तैयार होने का आदेश दिया। यानी आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में यह शब्द कहे कि मैं युद्ध के लिए निकलूँगा और जो पत्र लिखा है वह धमकी दी है कि अगर आप रुक न गए तो तुम्हारी हुकूमत जाती रहेगी। बहरहाल कहते हैं इसके बाद हारिस बिन अबी शमर रात तक वहीं बैठा रहा और लोग उसके सामने पेश होते रहे। तब उसने घुड़सवारों को तैयार करने का आदेश दिया और मुझे से कहा कि अपने आक़ा से यहां का सब हाल बता देना। इसके बाद उसने कैसर शाह रोम को आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पत्र की पूरी घटना लिखकर भिजवाई। अपना राजदूत भिजवाया और इस में लिखा कि इस तरह यह प्रतिनिधि मुझे इस्लाम की दावत देने आया था। हारिस बिन अबी शमर का पत्र कैसर के पास उस समय पहुंचा जब आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का पत्र हज़रत दहया कलबी के हाथ कैसर को पहुंच गया था। कैसर ने हारिस के पत्र को पढ़ कर उसे लिखा कि नबी पर हमला और उन पर आक्रमण के विचार को छोड़ दो और उनसे मत उलझो। बहरहाल जब कैसर का यह जवाबी पत्र हारिस के

पास पहुंचा तो उसने हज़रत शुजा को जो कि तब तक वहीं ठहरे हुए थे बुलवाया और पूछा कि आप कब वापस जाने का इरादा रखते हैं? हज़रत शुजा ने कहा कल। उस समय राजा ने आपको स्वर्ण सौ मिसकाल सोना दिए जाने का आदेश दिया, और वह दरबान आप के पास आया। जिसने पहला सुरक्षा शुल्क लिया था, उसने खुद कुछ पैसे और कपड़े दिए। फिर सुरक्षा प्रभारी कहने लगा कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा मेरा सलाम अर्ज़ करना और बताना कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के धर्म का अनुयायी बन गया हूँ। हज़रत शुजा कहते हैं कि उसके बाद जब मैं आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास पहुंचा तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को राजा हारिस के बारे में सब हालत बताई। आपने सारी बातें सुन कर फरमाया कि वह नष्ट हो गया, उसका साम्राज्य नष्ट हो गया था। तब मैंने आप को उस के महल का दरबान मुरी की सलाम पहुंचाया और उस ने जो कुछ कहा था सबकुछ बताया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया उस ने जो कुछ कहा सच कहा है। सीरतुल हलबिया में यह सारी घटना लिखी है

(अस्सीरतुल हलबिया जिल्द 3, पृष्ठ 357-358 अध्याय ज़िक्र किताबह स.अ.व. इला हारिस बिन अबी श्मर मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002 ई)

हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने इतिहास की विभिन्न पुस्तकों से लेकर जो बातें वर्णित हैं इसमें जो कुछ अधिक बातें हैं वह ये हैं कि आप लिखते हैं कि पांचवां तब्लीग़ी पत्र ग़स्सान राज्य के हाकिम हारिस बिन अबी श्मर नाम को लिखा गया। ग़स्सान का राज्य अरबों के साथ उत्तर-पूर्व में था और इसका रईस कैसर के अधीन था। जब हज़रत शुजा बिन वहब वहां पहुंचे, तो हारिस कैसर की जीत के उत्सव की तैयारी कर रहा था। जो रोम का बादशाह था उस ने अपनी जीत का जश्न मनाना था वह वहां उसके लिए तैयारी कर रहा था। हरिस से मिलने से पहले, शुजाह बिन वहब ने उस के दरबान से मुलाकात की। वह एक अच्छा आदमी था। उस ने शुजा से मौखिक शब्दों को सुनकर शीघ्र ही आपको कबूल कर लिया। बहरहाल कुछ दिन के इंतजार के बाद ही हज़रत शुजा बिन वहब को रईस ग़स्सान के दरबार में प्रवेश का अवसर मिल गया। उन्होंने आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का पत्र प्रस्तुत किया। हारिस ने पत्र पढ़कर क्रोध से फेंक दिया और न केवल क्रोध से फेंक दिया बल्कि उल्लेख हो चुका है सैनिकों को हमले के लिए तैयारी का आदेश दिया और इस दौरान उसने कैसर को भी यह पत्र भेजा और यह बताया कि मैं हमला करने लगा हूं तब क़ैसर ने कहा, सेना को मत भेजो और मुझे दरबार में शरीक होने के लिए यरूशलेम में मिलो। क़ैसर ने इस रईस को बुलाया। बहरहाल यह तो उन का मामला वहीं पर समाप्त हो गया। हदीस और इतिहास से संकेत मिलता है कि मदीना में लंबे में एक समय से डर था कि ग़स्सानी कबीले मुसलमानों पर कब हमला करते हैं।

(उद्धरित सीरत ख़ात्मन्नबिय्यीन हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम.ए पृष्ठ 828-829)

लंबे समय तक यह डर रहा। इस जवाब के कारण जो श्मर ने आप के सहाबी को दिया था।

महीने रबीउल अव्वल सन 8 हिजरी में नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़बर मिली कि बिनो हावज़न की एक शाखा बनो आमिर मुसलमानों के ख़िलाफ लड़ाई के लिए तैयारी कर रहे हैं। हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत शुजा को 24 मुजाहेदीन देकर उन को हमला को रोकने पर तैनात किया जो कि मदीना पर हमला करने लगे थे। इस समय बनो आमिर के लोग मदीना से पाँच रातों की दूरी पर अलस्सी जो मक्का और बसरा के बीच एक स्थान है उस पर तम्बू लगाए बैठे थे। आप यानी हज़रत शुजा मुजाहेदीन के साथ रात को यात्रा करते और दिन को छिपे रहते यहाँ तक कि अचानक सुबह के समय बनू आमिर के सिर पर जा पहुंचे। वे मुसलमानों को अचानक अपने सिर पर देख कर बौखला गए बावजूद इसके कि वह हमले की तैयारी के लिए निकले थे और पूरी सेना के साथ निकले थे और सब कुछ छोड़ छाड़ कर भाग खड़े हुए। हज़रत शुजा ने अपने मुजाहेदीन को आदेश किया कि उन का पीछा न करें। कोई जरूरत नहीं पीछा करने और लूट की उस ज़माने के रिवाज के अनुसार जो भी वे छोड़ गए थे ऊंट और बकरी वह हांक कर मदीना ले आए। लूट के सामान का अंदाज़ा इस बात से हो सकता है कि प्रत्येक मुजाहिद को पंद्रह पंद्रह ऊंट मिले थे और अन्य सामान इसके अलावा था

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 2 पृष्ठ 313 सिरया शुजा बिन वहब इला बनी आमिर बालस्सी मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई) अर्थात वह हमला करने वाले पूरी तैय्यारी के साथ आए थे और युद्ध के उपकरणों से सुसज्जित थे।

फिर जिन सहाबी का उल्लेख होगा उन का नाम हज़रत शामास बिन उस्मान है। उन का पहले भी एक ख़ुत्बा में उल्लेख किया गया है। उस्मान बिन शुरीद उनके पिता थे। जंग उहद 3 हिजरी में उनकी वफात हो गई। उनका नाम उस्मान और शमास उपनाम था और आप इस उपनाम से प्रसिद्ध हो गए। बनू मख़ज़ूम में से थे और इस्लाम की शुरुआत में ही मुसलमान हो गए थे।

(असदुल ग़ाबह जिल्द 2 पृष्ठ 393-394 श्मास बिन उसमान मुद्रित दारुल फिक्र बैरूत 2003 ई)

इब्ने हिशाम ने हज़रत श्मास बिन उसमान के नाम श्मास के रखे जाने का कारण बताते हुए लिखा है कि श्मास का नाम उस्मान और श्मास कहलाने का कारण यह है कि ईसाइयों के एक धार्मिक नेता जिसे श्मास कहते हैं जाहलियत के ज़माना में मक्का आया। ईसाई नेता बहुत सुन्दर था। उस की सुन्दरता को देख कर मक्का के लोग आश्चर्यचकित हुए। अतबह बिन राबिया जो उस्मान के मामो थे उन्होंने कहा कि मैं इस श्मास से अधिक एक सुन्दर लड़का तुम को दिखाता हूं और फिर अपने भांजे उस्मान को लाकर दिखाया। तब से लोग उसमान को शमास कह कर बुलाने लगे। हज़रत श्मास का एक नाम श्मास होने की एक वजह यह भी कही जाती है कि आपका नाम श्मास आप के चेहरे के लाल और सफेद रंग की वजह से था मानो कि आप सूरज की तरह हैं। इसलिए आप का शमास नाम आपके मूल नाम पर प्रभावशाली हो गया।

(सीरत इब्ने हिशाम पृष्ठ 462 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2001 ई) (अल्मुन्तज़िम फी तारीख़ अलमुलूक वल् उमम् जिल्द 3 पृष्ठ 187 बहवाला अलमकतब: अलशामलह:)

हज़रत श्मास बिन उसमान और आप की माँ हज़रत सफिया पुत्री राबिया बिन अब्दुल शम्स हब्शा की तरफ दूसरी हिजरत में शामिल थीं। हज़रत श्मास की मां शियबह और उतबह (सरदाराने मक्का जो जंग बदर में मारे गए थे) की बहन थीं। हज़रत श्मास बिन उसमान ने हब्शा से वापसी पर मदीना की तरफ़ हिजरत की। हज़रत श्मास बिन उसमान ने मदीना की ओर हिजरत के बाद हज़रत मुबश्शर बिन अब्दे मुन्ज़र के यहां निवास किया। सईद बिन मुसय्यब कहते हैं कि हज़रत श्मास बिन उसमान जंगे उहद में शहीद होने तक हज़रत मुबश्शर बिन अब्दुल मनज़र के यहां ठहरे। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत श्मास बिन उसमान और हज़रत हंज़लह बिन अबी आमिर के बीच भाईचारा स्थापित करवाया। हज़रत श्मास के बेटे का नाम हज़रत अब्दुल्लाह था और आप की पत्नी उम्मे हबीब पुत्री सईद थीं। प्रारंभिक हिजरत करने वाली मुस्लिम महिलाओं में से थीं।

(असदुल ग़ाबह जिल्द 2 पृष्ठ 394 मुद्रित दारुल फिक्र बैरूत 2003) (सैरुस्सहाब: जिल्द 2 पृष्ठ 324 श्मास बिन उसमान मुद्रित दारुल अहया तुरास अल्अरबी कराची) (अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 130 मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

हज़रत श्मास बिन उसमान जंग बदर और जंग उहद में शामिल हुए। आप जंग उहद में बहुत बहादुरी से लड़े। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया मैंने श्मास बिन उसमान को ढाल की तरह पाया। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दाएं या बाएं जिस तरफ भी नज़र उठाते श्मास को वहीं पाते जो जंगे उहद में अपनी तलवार से बचाव कर रहे थे यहाँ तक कि अल्लाह तआला के आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर मूर्छा छा गई जब आप पर हमला हुआ और पत्थर आकर लगा। हज़रत श्मास ने अपने आप को आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने ढाल के रूप में बना लिया था यहां तक कि आप गंभीर रूप से घायल हो गए और आप को उसी हालत में मदीना उठाकर लाया गया। आप में अब कुछ जान बाकी थी। आप को हज़रत आयशा के यहाँ ले जाया गया। हज़रत उम्मे सलमा ने कहा कि मेरे चचेरे भाई को मेरे सिवा किसी और के यहाँ ले जाया जाएगा? आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि उन्हें हज़रत उम्मे सलमा के पास उठाकर ले जाओ। अत: आप को वहीं ले जाया गया और आप ने उन्हीं के घर वफात पाई। वहाँ उहद से ज़ख्मी हो कर आए थे। फिर आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदेश से हज़रत श्मास को उहद में ले जाकर उन्हीं कपड़ों में दफनाया गया। जब युद्ध के बाद आप को घायल हालत में उठाकर मदीना लाया गया था तो वहाँ एक दिन और एक रात तक जीवित रहे थे और इस दौरान

कहा जाता है कि उन्होंने कुछ खाया पिया नहीं, बेहद कमज़ोरी की स्थिति थी बल्कि बेहोशी की हालत थी। हज़रत श्मास रज़ियल्लाहो अन्हो की वफात 34 वर्ष की उम्र में हुई।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 131 मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

फिर एक सहाबी हज़रत अबु अबस बिन जबर हैं। उनके पिता का नाम जबर बिन अमर था। उनकी वफात 34 हिजरी में 70 साल की उम्र में हुई। उनका असल नाम अब्दुर्रहमान था और कुन्नियत अबू अबस थी। आपका संबंध अंसार के कबीला बनू हारस: से था। जाहलियत के दौर में उनका नाम अब्दुल उज़्ज़ा था। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे बदल कर अब्दुर्रहमान कर दिया था। उज्ज़ा उनकी मूर्ति का नाम था इसलिए बदला और अब्दुर्रहमान कर दिया। आप आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ जंग बदर सहित सभी जंगों में शरीक रहे। काब बिन अशरफ यहूदी को जिन सहाबा ने कत्ल किया यह भी उन में शामिल थे। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू अबस और हज़रत ख़ुनैस के बीच भाईचारा स्थापित फ़रमाया। 34 हिजरी में सत्तर वर्ष की उम्र में आप की वफात हुई। मक्का में आप की बहुत औलाद मौजूद थी। हज़रत उसमान ने नमाज़ जनाज़ा पढ़ाया और जन्नतुल बक़ी में आप की तदफीन हुई।

(असदुल ग़ाबह जिल्द 5 पृष्ठ 204-205 प्रकाशन दारुल फिकर बैरूत 2003 ) (अल्असाब: फी तमीज़िस्सहाबा जिल्द 7 पृष्ठ 222 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005 (अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 238 मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई )

हज़रत अबु अबस बिन जबर के बारे में वर्णित है कि इस्लाम की बेअसत से पहले भी आप अरबी लिखना जानते थे हालांकि उस समय अरब में लिखने का रिवाज बहुत कम था। हज़रत अबु अबस और हज़रत अबू बरदा बिन न्यार ने जब इस्लाम स्वीकार किया उन दोनों ने बनू हारसा के बुतों को तोड़ दिया था। हज़रत उमर और हज़रत उसमान उन्हें लोगों से सदका वसूल करने के लिए भेजा करते थे अर्थात कि माल विभाग भी उनके पास था।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 238 मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई ) आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समय आप की आंख की रौशनी चली गई थी तो आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप को एक छड़ी देते हुए कहा कि इससे प्रकाश प्राप्त करो। अत: वह छड़ी आप के आगे रौशनी किया करती थी।

(अल्असाब: फी तमीज़िस्सहाबा जिल्द 7 पृष्ठ 222 मुद्रित दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2005 )

इसका मतलब एक तो यह अर्थ भी हो सकता है कि यह छड़ी तुम्हारे हाथों में होगी और जिस तरह से अंधे अपनी छड़ी का उपयोग करते हैं, चलते हुए मदद हो जाएगी। लेकिन यह भी हो सकता है कि प्रकाश भी निकलता हो और कई बार रात में कम दिखाई देता हो तो प्रकाश निकलता हो क्योंकि कुछ और सहाबा के बारे में भी यह रिवायत मिलती है कि कई बार अंधेरे में वह यात्रा कर रहे होते थे तो उनके छड़ी से प्रकाश निकलता था। (अहमद बिन हंबल जिल्द 4 पृष्ठ 693 हदीस 13906 मसनद अनस बिन मालिक मुद्रित आलेमुल कुतुब बैरूत 1998 )बल्कि एक रिवायत यह भी है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के तीन सहाबा यात्रा कर रहे थे और रात अंधेरी थी, तो उन को भी अल्लाह तआला ने यह नज़ारा दिखाया कि रौशनी उन के आगे चलती थी। (उद्धरित)

हज़रत अबू अबस के एक बेटे रिवायत करते हैं कि हज़रत अबू अबस आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पीछे नमाज़ अदा किया करते थे और फिर अपने कबीले बनो हारसी की तरफ चले जाया करते थे। एक बार एक अंधेरी रात में जब बारिश हो रही थी अपने घर की ओर जा रहे थे तो आप की छड़ी से प्रकाश निकलना शुरू हो गया जिसने अपने लिए रास्ते में प्रकाश कर दिया।

(अलमुस्तदरिक अलस्सहीहैन जिल्द 6 पृष्ठ 2028 हदीस 5495 मुद्रित मकतबा नज़ार अल्मुस्तफा अलबाज़)

हज़रत उसमान रज़ियल्लाहो अन्हो आप की बीमारी के दौरान उनसे मिलने के लिए आए तो यह बेहोशी की हालत में थे। जब ठीक हुए तो हज़रत उसमान ने कहा, "आप ख़ुद को कैसे पाते हैं?" उन्होंने कहा कि हम अपनी स्थिति अच्छी देखते हैं सिवाय एक ऊंट का घुटना बांधने वाली रस्सी के जो हम से और उम्माल से ग़लती से खो गई थी। अब तक हम इससे छुटकारा नहीं पा सके।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 238 मुद्रित दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

यह उम्माल में से थे जैसा कि मैंने बताया कि माल सदक़ा , चंदा आदि जमा करने के लिए उन्हें भेजा जाता था। जिम्मेदारी और ईमानदारी की यह गुणवत्ता थी कि ऊंट बांधने की एक रस्सी ग़लती से खो गई और इसलिए जीवन के अंत तक बेचैन रहे। मौत की बीमारी में भी है, यह विचार आया कि यह रस्सी अगली दुनिया में हमारे लिए परेशानी का कारण न बन जाए। तो ये वे लोग थे जिन के भय और ईमानदारी के ऐसे मानक थे।

हज़रत अनस से मरवी है कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अधिक जल्दी असर की नमाज़ पढ़ाने वाला कोई न था यानी समय के अनुसार पहले समय में असर की नमाज़ पढ़ लिया करते थे। अंसार के दो आदमी थे जिनके घर मस्जिद से बहुत दूर थे। एक हज़रत अबूल बाबह बिन अब्दुल मुनज़िर थे जिनका संबंध बनी अम्रो बिन औफ से था और दूसरे हज़रत अबु अबस बिन जबर थे जिनका संबंध बनू हारस: से था। अबू लबाबह का घर कबा में था और हज़रत अबू अबस का घर बनी हारस: में था। और पर्याप्त दूरी पर दो अढ़ाई मील था। ये दोनों सहाबा आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ नमाज़ पढ़ते और जब अपनी क़ौम में वापस पहुंचते तो उन्होंने तब तक वहाँ असर की नमाज़ न पढ़ी होती थी।

(अहमद बिन हंबल जिल्द 4 पृष्ठ 607 हदीस 12516 मुद्रित आलमुल कुतुब बैरूत 1998 ई)

तो यह उन लोगों के तेज़ चलने की गुणवत्ता भी है और यह भी कि दूरी तय करके आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पीछे नमाज़ पढ़ने आया करते थे।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन अबस से रिवायत है कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जिस व्यक्ति ने अपने कदम अल्लाह तआला के रास्ते में मिट्टी से गन्दे किए अल्लाह तआला ने उस पर आग हराम कर दी।

(अहमद बिन हंबल जिल्द 5 पृष्ठ 469 हदीस 16031 मुद्रित आलमुल कुतुब बैरूत 1998 ई) अर्थात अल्लाह तआला की राह में जिहाद करने वाले, अल्लाह तआला की प्रसन्नता पर चलने वाले, अपने आप को श्रम में डालने वाले लोग इस में शामिल हैं। और इसी तरह दावत इलल्लाह के लिए यात्रा करने वाले भी और वे लोग भी जो एक लंबी दूरी से मस्जिद में नमाज जमाअत के लिए आते हैं ये सब लोग उन लोगों में शामिल हैं। अल्लाह तआला फरमाता है कि उन पर आग हराम है।

फिर एक सहाबी अबू बकर बिन अब्दुल्लाह अंसारी थे। अब्दुल्लाह बिन सअलब: उनके पिता का नाम था। उनकी वफात 12 हिज्री में यमामा के युद्ध में हुई थी। उनका नाम अब्दुर रहमान इराशी बिन अब्दुल्लाह था। उनका पुराना नाम अब्दुल उज्ज़ा था। इस्लाम स्वीकार करने के बाद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनका नाम अब्दुर्रहमान रखा। आपके संबंध बिल्ली कबीला की एक शाखा बनू उनैफ से था और आप अंसार के परिवार बनो जहजबान बिन कुल्फ़ह के सहयोगी थे। आपका उपनाम अबू अक़ील है और आप इसी से प्रसिद्ध हैं। जंग बदर, उहद ख़ंदक अर्थात सारी जंगो में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ जंग यमामह 12 हिजरी में हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ की ख़िलाफत के समय में शहीद हुए।

(अत्तबकातुल कुबरा जिल्द 3, पृष्ठ 248-249 प्रकाशक दारुल अहया अत्तुरास अल-अरबी बैरूत 1996 ई)

उनके इस्लाम स्वीकार करने की घटना यूं बयान हुई है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का से हिजरत फ़रमा कर मदीना पधारे तो एक नौजवान आदमी आप की सेवा में आया। ईमान लाने के बाद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत की और बुतों से बहुत अधिक घृणा व्यक्त की। इस अवसर पर हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप से पूछा कि तुम्हारा नाम किया है ?" उन्होंने कहा कि अब्दुल उज़्ज़ा। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया, आज से आपका नाम अब्दुल रहमान है। उन्होंने इरशाद नबवी के सामने सिर को झुका दिया और सब लोगों को कह दिया कि आज से मैं अब्दुल उज़्ज़ा नहीं अब्दुर्रहमान हूँ। आप के पूर्वजों में एक व्यक्ति का नाम इराशा बिन आमिर था उसकी तुलना में उन्हें इराशा भी कहा जाता है।

(आसमाने हिदायत के सत्तर सितारे तालिब हाशमी पृष्ठ 491-492 मुद्रित अलबदर पब्लिकेशन उर्दू बाज़ार लाहौर)

आप उन सहाबा में से थे जब आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सदका का आदेश देते तो सारी रात सदक़ा और जो कुछ मिलता वह सदका कर देते। अत:

बुख़ारी में आप के बारे में आता है कि अबू मसूद वर्णन करते हैं कि जब हमें सदका का आदेश हुआ तो हम उस समय मज़दूरी पर बोझ उठाया करते थे। हज़रत अबू अक़ील आधा साअ खजूरे के पैसों में से लेकर आए। एक और व्यक्ति उनसे अधिक लाया तो उस पर मुनाफिक कहने लगे कि अल्लाह तआला तो उस व्यक्ति के सदके से बेनियाज़ है और दूसरे व्यक्ति ने जो सदक़ा किया वे केवल दिखावे के लिए है। तब यह आयत नाज़िल हुई।

اَلَّذِيْنَ يَلْمِزُوْنَ الْمُطَّوِّعِيْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ فِي الصَّدَقٰتِ وَالَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ اِلَّا جُهْدَهُمْ فَيَسْخَرُوْنَ مِنْهُمْ ۙ سَخِرَ اللّٰهُ مِنْهُمْ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ

( अत्तौब: 79)

ये मुनाफिक हैं जो मोमिनों में से ख़ुशी से बढ़ बढ़ कर सदके देने वालों पर उपहास किया करते हैं और उन पर भी जो केवल अपनी मेहनत की कमाई कि कोई ताकत नहीं रखते। अत: बावजूद इस कुरबानी के मुनाफिक हंसी करते हैं और अल्लाह उन में से बहुत अधिक विरोध करने वालों को सज़ा देगा और उन को दर्द वाला आज़ाब पहुंचेगा।

(सही अल-बुख़ारी किताबुत्तफसीर जिल्द 10 पृष्ठ 371 हदीस 4668 प्रकाशित नज़ारत नश्रो इशाअत रबवा)

अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने के उन के अजीब अजीब नज़ारे हैं। किस तरह ये लोग कोशिश करते थे और उन लोगों के इन्हीं नमूनों को स्वीकार करते हुए अल्लाह तआला ने बाद में आने वाले लोगों को भी इन के नक्शे कदम पर चलने की नसीहत फरमाई।

इस घटना का विस्तार वर्णन करते हुए इब्न हजर असकलानी कहते हैं कि इन्हें साहेबुस्साअ भी कहते हैं घटना कुछ इस तरह है कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ अपना आधा माल लेकर आए। अंसार के ग़रीब मुसलमानों में से एक आदमी अबू अक़ील आगे बढ़ा और कहने लगा हे अल्लाह के रसूल में खजूर के दो साअ के बदले सारी रात कुएं से पानी ख़ींचता रहा और एक साअ मैंने अपने घर वालों के लिए रख दिया और आधा लेकर आया हूं तो मुनाफिकों ने कहा कि अल्लाह और उस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अबू अक़ील के साअ से ग़नी हैं। तो अल्लाह तआला ने फरमाया कि

اَلَّذِيْنَ يَلْمِزُوْنَ الْمُطَّوِّعِيْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ فِي الصَّدَقٰتِ وَالَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ اِلَّا جُهْدَهُمْ

